# ಕರ್ನಾಟಕ ಶಾಲಾ ಪರೀಕ್ಷೆ ಮತ್ತು ಮೌಲ್ಯನಿರ್ಣಯ ಮಂಡಲಿ
**ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು – 560 003**

**KARNATAKA SCHOOL EXAMINATION AND ASSESSMENT BOARD**
**Malleshwaram, Bengaluru – 560 003**

## 2024-25ರ ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಮಾದರಿ ಪ್ರಶ್ನೆಪತ್ರಿಕೆ-2
## S.S.L.C. MODEL QUESTION PAPER-2 : 2024-25

## ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ (NCERT SYLLABUS)

## Subject : Third Language — HINDI (NCERT SYLLABUS)

**ವಿಷಯ ಸಂಕೇತ : 60-H** | **Subject Code : 60-H**

ಸಮಯ : 3 ಗಂಟೆ ] | [ Time : 3 Hours

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : **80** ] | [ Max. Marks : **80**

---

*परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :*

1. इस प्रश्नपत्र में कुल 38 प्रश्न हैं ।

2. सभी प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।

3. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।

4. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल हैं ।

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : 8 × 1 = 8**

1. 'उपस्थिति' शब्द का विलोम शब्द है –

(A) अनुपस्थिति (B) अस्थित

(C) निरुपस्थिति (D) प्रत्यक्ष

2. 'आज़ादी' शब्द का पर्यायवाची शब्द है –

(A) गणतंत्रता (B) परतंत्रता

(C) स्वतंत्रता (D) अतंत्रता

3. 'आवाज़' शब्द का बहुवचन रूप है –

(A) ध्वनि (B) आवाज़ें

(C) बातें (D) अवाज़

4. निम्न में से गुण संधि का उदाहरण है –

(A) एकैक (B) चित्रांकन

(C) पुरुषोत्तम (D) निःशब्द

5. निम्न में से प्रत्यय युक्त शब्द है –

(A) अभाव (B) सकारण

(C) सभ्यता (D) नालायक

6. सच बताओ तुम कौन हो ? इस वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –

(A) अल्प विराम
(B) अर्ध विराम
(C) पूर्ण विराम
(D) प्रश्नवाचक

7. 'रात–दिन' शब्द में समास है –

(A) तत्पुरुष
(B) द्विगु
(C) द्वंद्व
(D) कर्मधारय

8. 'आग बबूला होना' मुहावरे का अर्थ है –

(A) बहुत गुस्सा होना
(B) बहुत आनंदित होना
(C) बहुत दुःखी होना
(D) बहुत उदास होना

**II. सही वाक्यांश को जोड़कर लिखिए :** **4 × 1 = 4**

| अ | ब |
|---|---|
| 9. वामीरो | a) कैफ़ी आज़मी |
| 10. तोप | b) मैथिलीशरण गुप्त |
| 11. पर्णकुटी | c) मधुर और सुरीली आवाज़ |
| 12. मनुष्यता | d) पत्तों से बनी कुटिया |
| | e) मददगार |
| | f) सुमित्रानंदन पंत |
| | g) चमकाई जाती है |

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : 4 × 1 = 4**

13. सुभाष बाबू के जुलूस का भार कौन संभाल रहे थे ?

14. निदा फ़ाज़ली का घर किस शहर में था ?

15. मीराबाई श्याम की चाकरी क्यों करना चाहती है ?

16. 'आत्मत्राण' कविता में कवि किससे प्रार्थना कर रहे हैं ?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए : 8 × 2 = 16**

17. शैलेंद्र के अनुसार कलाकार के कर्तव्यों को बताइए ।

18. निदा फ़ाज़ली की माँ ने पूरे दिन का रोज़ा क्यों रखा ?

19. शुद्ध आदर्श और व्यावहारिकता की तुलना कैसे की गई है ?

20. शाल के वृक्ष भयभीत होकर धरती में क्यों धँस गए ?

21. तोप सुबह-शाम आनेवाले सैलानियों को अपने बारे में क्या विवरण देता है ?

22. कवि कैफ़ी आज़मी ने धरती को दुल्हन क्यों कहा है ?

23. हरिहर काका के गाँव के तीन प्रमुख स्थान कौन-कौन से हैं ?

**अथवा**

हरिहर काका के मामले में गाँव वालों की राय बताइए ।

24. इफ़्फ़न की दादी अपने पीहर क्यों जाना चाहती थी ?

**अथवा**

हेडमास्टर शर्मा जी ने पीटी साहब को क्यों मुअत्तल कर दिया ?

**V. क) निम्नलिखित के आशय / भाव स्पष्ट कीजिए : 9 × 3 = 27**

25. खुला चैलेंज देकर ऐसी सभा पहले नहीं की गई थी ।

26. बस आस की एक किरण थी जो समुद्र की देह पर डूबती किरणों की तरह कभी भी डूब सकती थी ।

27. नत शिर होकर सुख के दिन में
    तव मुख पहचानूँ छिन-छिन में ।

**ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :**

28. वज़ीर अली एक जाँबाज़ सिपाही था, कैसे ? स्पष्ट कीजिए।

29. तताँरा और वामीरो की त्यागमयी मृत्यु से निकोबार में हुए परिवर्तनों का विवरण दीजिए ।

30. मीराबाई श्रीकृष्ण को पाने के लिए क्या-क्या करने को तैयार है ? विवरण दीजिए ।

31. पंतजी के मत में तालाब और दर्पण की समानता पर प्रकाश डालिए ।

32. **निम्नलिखित पद्य भाग का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :**

    क्षुधार्त रंतिदेव ने दिया करस्थ थाल भी,
    तथा दधीचे ने दिया परार्थ अस्थिजाल भी ।
    उशीनर क्षितीश ने स्वमांस दान भी किया,
    सहर्ष वीर कर्ण ने शरीर-चर्म भी दिया ।
    अनित्य देह के लिए अनादि जीव क्या डरे ?
    वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे ।।

33. **निम्नलिखित गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए :**

सुमित्रानंदन पंत का जन्म सन् 1900 को उत्तराखंड में हुआ । उन्होंने बचपन से ही कविता लिखना शुरू कर दिया । वे हिंदी के ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त कवियों में से प्रथम हैं ।

**VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए : 2 × 4 = 8**

34. बड़े भाई की स्वभावगत विशेषताओं का वर्णन कीजिए ।

**अथवा**

छोटे भाई के मन में बड़े भाई साहब के प्रति श्रद्धा क्यों उत्पन्न हुई ? स्पष्ट कीजिए ।

35. **निम्नलिखित पद्य भाग पूर्ण कीजिए :**

ऐसी ....................................................

.................................................. होइ ।।

**VII.** 36. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1 × 4 = 4**

अनुशासन का अर्थ है, हर विषय में नियमों का पालन करना । अनुशासन की पहली शिक्षा घर में मिलनी चाहिए । वैयक्तिक, सामाजिक, पारिवारिक तथा राष्ट्रीय जीवन में इनकी बहुत बड़ी आवश्यकता होती है । वेश-भूषा, रहन-सहन, खान-पान आदि सारे काम अनुशासन से

पूर्ण होना चाहिए । जिस विद्यालय में शिक्षक और छात्र दोनों अनुशासन का पालन करेंगे वह विद्यालय उत्तम विद्यालय माना जाएगा । अनुशासन से हर काम समय के अनुसार नियम के अनुसार पूर्ण हो जाता है ।

**प्रश्न :**

अ) अनुशासन का अर्थ बताइए ।

आ) अनुशासन की आवश्यकता कहाँ–कहाँ होनी चाहिए ?

इ) अनुशासन की पूर्णता कैसे होती है ?

ई) विद्यालय उत्तम कैसे माने जाते हैं ?

**VIII.** 37. **दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12 - 15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए :** **1 × 4 = 4**

क) कंप्यूटर

* प्रस्तावना
* लाभ
* हानि
* उपसंहार

ख) **पर्यावरण प्रदूषण**

* ✳ प्रस्तावना
* ✳ प्रदूषण के प्रकार और कारण
* ✳ प्रदूषण रोकने के उपाय
* ✳ उपसंहार

ग) **पुस्तकों का महत्व**

* ✳ प्रस्तावना
* ✳ महत्व
* ✳ उपसंहार

**IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए : 1 × 5 = 5**

38. बीमारी का कारण बताते हुए तीन दिनों की छुट्टी पत्र अपने प्रधान अध्यापक को लिखिए ।

**अथवा**

शाला प्रवास जाने के लिए अपने पिताजी से 2,000/- रुपये माँगते हुए एक पत्र लिखिए ।